**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–18.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के कई हिस्सों में कल शाम से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, वज्रपात की चपेट में आने से छह लोगों की मौत, रांची में 19 और 20 जून को अति भारी बारिश का अलर्ट, सावधानी बरतने की सलाह।**
2. **शराब घोटाला मामले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश को किया गिरफ्तार, 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गये।**
3. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, जेटेट परीक्षा के लिए भाषा निर्धारण का जताया विरोध, झामुमो ने कहा– विपक्ष को बेचैन होने की जरुरत नहीं।**
4. **रांची में आयोजित हुई अखिल भारतीय स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बैठक, रेलवे के भविष्य पर हुआ मंथन, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा–रेलवे की सुरक्षा और समयबद्धता में स्टेशन मास्टरों की भूमिका अहम।**
   **और**
5. **नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, खूंटी और सरायकेला से एक नक्सली समेत दस अपराधी गिरफ्तार।**

*******************

राज्य में मानसून का असर दिखने लगा है। राजधानी रांची समेतकई हिस्सों में कल शाम से ही रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस बीच वज्रपात की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गयी। पलामू में दो, गढ़वा में दो, चतरा और खूंटी में एक–एक व्यक्ति की जान गयी है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने 19 और 20 जून को रांची में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

*******************

शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो –एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। अमित प्रकाश से एसीबी मुख्यालय में पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

*******************

भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर जेटेट परीक्षा के लिए सरकार द्वारा किये गये भाषा के निर्धारण पर ऐतराज जताया है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने सरकार पर कई क्षेत्रों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया।

इधर, झामुमो ने कहा है कि पूरा मामला सरकार के संज्ञान में है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विपक्ष को बेचौन होने की जरुरत नहीं है।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कल देर रात रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान–रिम्स का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने बारिश के बीच अस्पताल परिसर का दौरा कर मरीजों का हालचाल लिया और चिकित्सा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति से अवगत हुए। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि रिम्स में मरीजों के लिए सुविधाएं और बढायी जायेंगी।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के खेल विभाग में छह करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि स्पोर्ट्स किट की खरीद में विभाग ने सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी को दरकिनार कर, ऊंची दर पर सामान देने वाली कंपनी को ठेका दे दिया। इस बीच झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष निराधार और झूठे आरोप लगाकर राज्य की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

*******************

राजधानी रांची में आयोजित अखिल भारतीय स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में रेलवे के भविष्य पर मंथन हुआ। बैठक में देशभर के 68 रेल मंडलों के स्टेशन मास्टर और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में रेलवे संचालन, संरक्षा, कर्मचारियों के हित, सेवा शर्तों और तकनीकी तालमेल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी शामिल हुए। उन्होंने भारतीय रेलवे के कार्यों की सराहना की।

*******************

नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी जिले से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक सदस्य समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने इसकी पुष्टि की है।

उधर सरायकेला–खरसांवा जिले से एक हत्याकांड के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि अपराधियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और अन्य सामान बरामद किये गये हैं।

*******************

पाकुड़ जिले में मुर्गी पालन को बढ़ावा देकर बीपीएल परिवार से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की कार्य योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं

*******************

झारखंड महिला प्रीमियर कबड्डी लीग के फाइनल में तिलका मांझी वॉरियर्स ने वीर बुधु भगत टाइगर को 25–6 अंको से हराकर खिताब हासिल कर लिया। इससे पूर्व, पहले सेमीफाइनल में तिलकामांझी ने शेख भिखारी को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई जबकि वीर बुधु भगत टाइगर ने कार्तिक उरांव राइनोज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

*******************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मानसून के झारखंड में प्रवेश करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– आया मानसून, भीगा झारखंड।

हिन्दुस्तान लिखता है– जेटेट का विज्ञापन रद्द।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– पेसा नियमावली को अंतिम रुप देने में जुटी राज्य सरकार।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– अब तीन जुलाई को होगा रातू रोड फ्लाइओवर का उदघाटन।

********समाप्त***********